सं:1:05:138:II:C
दिनांक: 10.06.2022

National Stock Exchange of India Limited, Listing Department, Exchange Plaza, Bandra - Kurla Complex, Bandra (E) **MUMBAI - 400 051.** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	**Bombay Stock Exchange Limited,** Department of Corporate Services, Floor - 25, PJ Towers, Dalal Street, **MUMBAI - 400 001.** बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: **श्री अजय तिवारी, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, की विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक** 30 **मई** 2022**के आदेश संख्या** 8/1/2007-**पीएफसी डेस्क के अनुसरण में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक के रूप में कार्यग्रहण**

महोदया/ महोदय,

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसरण में, हम एतद्द्वारा सूचित करते है कि श्री अजय तिवारी ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में में सरकारी नामिती निदेशक के रूप में कार्यग्रहण किया है :

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 30 मई 2022 के आदेश संख्या 8/1/2007-पीएफसी डेस्क के अनुसरण में, जिसमें यह सूचित किया जाता है कि संस्था के अंतर्नियम के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा श्री अजय तिवारी, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई है।
कार्यग्रहण करने की तारीख	09.06.2022

संक्षिप्त प्रोफाइल	श्री अजय तिवारी (डीआईएन: 0009633300) असम मेघालय कैडर के 1993 बैच के एक भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। वह वर्तमान में विद्युत मंत्रालय में अपर सचिव हैं, जो ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा ट्रांजिशन, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, विद्युत मंत्रालय के प्रशिक्षण और अनुसंधान और परिप्रेक्ष्य योजना को देख रहे हैं। श्री अजय तिवारी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से बी.टेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियर) हैं और उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली से वित्तीय प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा किया है। वर्ष 2018 में श्रम और रोजगार मंत्रालय में संयुक्त सचिव और श्रम कल्याण महानिदेशक के रूप में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में शामिल होने से पहले, उन्होंने असम और मेघालय राज्य में विभिन्न क्षमताओं में काम किया है। श्री अजय तिवारी को वित्त, शिक्षा, आवास और शहरी मामलों, खेल, युवा कल्याण, सामान्य प्रशासन, राजस्व प्रशासन, आपदा प्रबंधन और श्रम कल्याण क्षेत्रों में काम करने का व्यापक अनुभव है। श्री अजय तिवारी का जन्म 5 अगस्त, 1970 को हुआ और 1993 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने से पहले, उन्होंने कुछ समय के लिए गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) और ऑर्डिनेंस फेक्टरी, नागपुर में भी काम किया है।
निदेशकों के साथ संबंध	शून्य

इसके अतिरिक्त, हम यह भी सूचित करना चाहेंगे कि श्री अजय तिवारी द्वारा दी गई घोषणा के अनुसार, उन्हें सेबी के किसी आदेश या ऐसे किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक के पद पर रहने से वंचित नहीं किया गया है।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com